कार्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़

क्रमांक 123 /छात्र कल्याण, 2014 बिलासपुर दिनांक 15.12.2014

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष/अधिष्ठातागण
शिक्षण विभाग
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर

विषयः— पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर संगोष्ठी तथा भाषण शैली प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी।

महोदय/महोदया,

आपको सूचित करते हुये अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि भारत सरकार द्वारा पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस को "सुशासन दिवस" के रूप में देश भर में मनाये जाने का संकल्प पारित किया है। सुशासन दिवस अवसर पर विश्वविद्यालय में संगोष्ठी एवं भाषण शैली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि आप अपने विभाग के छात्रों को उक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करेंगे।

उपरोक्त कार्यक्रमों से संबंधित अन्य जानकारी निम्नानुसार हैं।

1. **संगोष्ठी आयोजन**

प्रभारीः—डा. अमित खासकलम सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण
दिनांक एवं समयः— 23.12.2014,अपरान्ह 03.00 बजे
स्थानः— ई—क्लास रूम, प्रौद्योगिकी संस्थान भवन
विषयः— "सुशासन के उन्नयन हेतु प्रौद्योगिकी एवं अभिनवों के उपयोग"
Topic:-"Use of technology and innovations in promoting good governance"
प्रस्तुति अवधिः— 05 मिनट
उक्त संगोष्ठी के विषय पर नवीन विचार देने वाले छात्रों को पुरस्कार राशि क्रमशः प्रथम—रू015000/—द्वितीय—रू010000/—रू.5000/—प्रदान की जायेगी।

2. **भाषण शैली प्रतियोगिताः—**

Oratory Competition
प्रभारीः— डा. बी.डी.मिश्रा सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण
दिनांक एवं समयः—24.12.14,अपरान्ह 02 बजे
स्थानः— प्रबन्ध अध्ययन विभाग का सभागार
विषयः—श्री अटल जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व।
Topic:- "Personality and Performances of Shri Atal ji"
प्रस्तुति की अवधिः— 05 मिनट
पुरस्कार राशि क्रमशः प्रथम—रू0 15000/—द्वितीय— रू010000/— तृतीय— रू. 5000/— प्रदान की जायेगी।

दोनों ही आयोजनों हेतु प्रत्येक अध्ययनशाला स्तर से अधिकतम दो छात्रों का चयन किया जायेगा जो विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे।

अध्ययनशाला स्तर से चयनित छात्रों की सूची संबंधित सांस्कृतिक समन्वयक दिनांक 22.12.2014 को अपरान्ह 03.00 बजे तक अधिष्ठाता छात्र कल्याण शाखा में अनिवार्य रूप से प्रेषित करेंगे।

नोटः– उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के चयनित छात्र दिनांक 25.12.2014 को प्रातः 11 बजे रजत जयंती सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति का प्रदर्शन करेंगे तथा पुरस्कार राशि प्राप्त करेंगे।

आदेशानुसार

15.12.14

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

पृ0क्र0/ 24/छात्र कल्याण/2014, बिलासपुर दिनांक 15.12.2014

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति/ कुलसचिव के सचिव/निज सहायक को कुलपति जी/कुलसचिव को सूचनार्थ।
2. वित्ताधिकारी गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, को सूचनार्थ।
3. मीडिया प्रभारी की ओर कार्यक्रम के संकलन करने एवं समाचार पत्रों में प्रकाशन बाबत।
4. मुख्य कुलानुशासक को सूचनार्थ प्रेषित।
5. समस्त सांस्कृतिक/साहित्यिक समन्वयकों को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त सहायक अ.छा.क. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. निदेशक तथा प्रभारी ई–क्लास रूम को सूचनार्थ।
8. विभागाध्यक्ष,तथा प्रभारी सभागार प्रबंध अध्ययन विभाग को सूचनार्थ
9. अध्यक्ष/सचिव छात्र परिषद गु.घा.वि.वि. को सूचनार्थ।
10. प्रभारी रजत जयंती सभागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक व्यवस्था हेतु।
11. विश्वविद्यालय यंत्री को बिजली एवं जल व्यवस्था हेतु।
12. अधीक्षक बालक/बालिका छात्रावास को सूचनार्थ सूचना फलक पर चस्पा करने बाबत।
13. विभागाध्यक्ष संगणक विभाग को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने बाबत।

15/12/14

सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण

CSIT/361
16/12/14